''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 112 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए बुधवार, 23 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com





## हरियाणा में भविष्य के शहरों की नींव : विपुल गोयल

### पंचकूला में अर्बन इनोवेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर समिट में बोले कैबिनेट मंत्री

समाचार गेट/संजय शर्मा

**पंचकुला।** मंगलवार को पंचकूला में आयोजित अर्बन इनोवेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर समिट में हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री श्री विपुल गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शहरी विकास, अधोसंरचना और नवाचार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की।



अपने संबोधन में श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा ने शहरी योजनाओं को धरातल पर उतारने में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने गुरुग्राम में विकसित हो रही 'ग्लोबल सिटी' परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परियोजना फ्यूचर सिटी प्लानिंग का उदाहरण है, जो भारत की डु मिशन का समर्थन करेगी और चार लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देगी। उन्होंने किफायती घर, स्मार्ट मोबिलिटी, वेस्ट एंड वाटर मैनेजमेंट और PPP मॉडल्स के माध्यम से प्रदेश में चल रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनीपत में 1600 फ्लैट्स को 25 वर्षों के लिए किराए पर उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गई है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए राहत साबित होगी।

विपुल गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में पीपीपी मॉडल के तहत 23 चौराहों पर 400 कैमरे और रडार सिस्टम लगाए जा रहे हैं जो यातायात प्रबंधन को और अधिक स्मार्ट और सुरक्षित बनाएंगे। इसके अलावा उन्होंने कैच द रैन अभियान के हरियाणा से राष्ट्रीय शुभारंभ का उल्लेख किया और बताया कि मुख्यमंत्री जल संचय योजना एवं वाटर रिसोर्स एटलस जैसे प्रयास जल संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान श्री गोयल ने कहा कि हमारी राजनीति केवल बयानों की नहीं बल्कि निर्माणों की है। हमने वह राजनीति अपनाई है जिसमें जो अच्छा हुआ है उसे बेहतर बनाना है और जो बेहतर है उसे उत्तम बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमें यही सिखाया है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दल आज भी 60 साल पहले के काम गिनाकर 600 साल तक शासन करना चाहते थे, जबकि हम रोज़ नई सोच और नई दिशा पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने हमें स्थिर सरकार दी है और यह स्थिरता ही हमारी ताकत है। हमारी प्राथमिकता अपने या सरकार के भविष्य की नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य की है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी छह महीने में नेता प्रतिपक्ष तक तय नहीं कर पा रही है, ऐसे में नीति और विकास की बात उनसे क्या ही होगी। अंत में उन्होंने कहा कि अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें शासन, उद्योग और समाज तीनों की बराबर की भागीदारी जरूरी है। आज का यह समिट उसी साझा विज़न का प्रतीक है। इस अवसर पर इगोव की एक विशेष मैगज़ीन का विमोचन भी हुआ, जिसमें श्री गोयल द्वारा लिखा गया लेख भी प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी व निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और शहरी नवाचार को लेकर संवाद किया।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

### चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत

समाचार गेट/संजय शर्मा



**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

डीसी ने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं। सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी अवार्ड्सडॉटजीओवीडॉटइन पर देखी जा सकती हैं।

## अग्रवाल कॉलेज में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सभागार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ द्वारा प्रमाणित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप का शुभारंभ किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष( प्रबंध समिति) श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं अग्रवाल कॉलेज के महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता की सद्प्रेरणा से कॉलेज में युवा विद्यार्थियों में सामाजिक कल्याण, व समाज सेवा के भाव एवं नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से अनेकानेक कैंप आयोजित किए जाते हैं। इस कैंप के उद्घाटन दिवस पर श्री पुरुषोत्तम सैनी (जिला प्रशिक्षण अधिकारी, यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद) श्री धर्मेंद्र सिंधवानी( आजीवन रेड क्रॉस सदस्य व समाजसेवी ) एवं श्री मनोज बंसल (प्रशिक्षक प्राथमिक चिकित्सा, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन की परंपरा एवं शपथ ग्रहण के साथ हुआ। कार्यक्रम संयोजक एवं अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी ने अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस कैंप के दौरान विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। स्वयंसेवक होना ही अपने आप में विशिष्टता को दर्शाता है। तत्पश्चात श्री पुरुषोत्तम सैनी ने नशे को सामाजिक बीमारी बताते हुए निशुल्क चलाए जा रहे हैं नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में जानकारी भी दी, उन्होंने शारीरिक रूप से विकलांगों की मदद, नशे से नष्ट हो रहे परिवारों की मदद करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया व माता पिता के सेवा को ही ईश्वर की आराधना बताया। कैंप के नैतिक उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए माता-पिता की सेवा, अन्नदान, रक्तदान और कन्यादान को महादान बताया।

## प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए तत्पर : मुख्यमंत्री

### खिलाड़ियों के लिए कैश अवार्ड्स और स्कॉलरशिप प्रबंधन प्रणाली के लिए पोर्टल किया लांच

समाचार गेट/नरवीर यादव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए तत्पर है। प्रदेश के खेल स्टेडियम और खेल नर्सरियों में आने वाले खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए विभाग विशेष योजना बनाएं। इसके अलावा प्रदेश में विशेष उत्कृष्ट खेलों पर फोकस करते हुए एक्सीलेंस सेंटर भी बनाए जाएं। साथ ही प्रदेश के खिलाड़ियों को यूनिक आईडी अलॉट की जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सचिवालय में सोमवार देर सांय खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान प्रदेश के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, कानून विधायी राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम भी मौजूद थे। इस दौरान प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए कैश अवार्ड्स और स्कॉलरशिप प्रबंधन प्रणाली के लिए पोर्टल भी लांच किया गया। जिसके जरिये खेल विभाग से मिलने वाली स्कॉलरशिप तथा कैश अवार्ड्स के लिए आवेदन किया जा सकेगा। इसका फायदा यह होगा कि पारदर्शी तरीके से एक खिलाड़ी को सहुलियत के साथ इनका लाभ मिल पाएगा। नकद पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2014 से अब तक 16305 खिलाड़ियों को विभाग ने 599.43 करोड़ रुपये आबंटित किए है। बैठक में मौजूद खेल अधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के समक्ष अब तक की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश किया। अधिकारियों ने बताया कि खेल विभाग सभी नागरिकों को खेलों में भाग लेने, सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए समान अवसर प्रदान कर रहा है। राज्य में खेल अवसरंचनाओं का जिक्र करते हुए अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 3 राज्य स्तरीय, 21 जिला स्तरीय, 25 उपमंडल स्तरीय, 163 राजीव गांधी खेल परिसर, 245 मिनी ग्रामीण स्टेडियम है। जिनमें खिलाड़ियों को सहुलियत प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही करीबन 1500 नर्सरियां है, जिनकी संख्या 2025-2026 वित्त वर्ष में बढ़ाकर 2000 करने का टारगेट लेकर चला जा रहा है।



**क्रिकेट स्टेडियम की बदलेगी सूरत, पलवल के लिए खास योजना:**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान प्रदेश के क्रिकेट स्टेडियम को लेकर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पंचकूला के क्रिकेट स्टेडियम के ग्राउंड और सिटिंग एरिया को दुरुस्त करने, हाई मास्क लाइट लगाने तथा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही फरीदाबाद स्थित राजा नाहर सिंह स्टेडियम में भी इस दिशा में कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। वहीं, बैठक में पलवल में भी 100 एकड़ भूमि पर एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल परिसर के निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई। इसके लिए एक खास परियोजना बनाई गई है, जिसमें क्रिकेट स्टेडियम, बहुउद्देश्यीय हॉल, बैडमिंटन हॉल, बॉक्सिंग हॉल, एथलैट्स मैदान, फिटनैस एवं रहैब सेंटर, होटल एवं रैस्टोरेंट इत्यादि की सुविधा के साथ 35 से 50 हजार दर्शकों के बैठने की सुविधा होगी। इस बारे में विकल्प तलाशने बारे भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए है।

**जीओ बेस्ड होगी हाजिरी, मुकाबले भी होंगे**

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने खेल विभाग के अधिकारियों को कहा कि प्रदेश में चल रही खेल नर्सरियों में इंटर खेल नर्सरी, जिला स्तर पर और राज्यस्तरीय मुकाबले करवाए जाएं। इनमें पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों के ग्रुप बनाएं जाएं, ताकि इनके हुनर का पता लग सके। बाद में इन बच्चों को उनकी काबिलियत के हिसाब से ना सिर्फ प्रोत्साहित किया जाए, साथ ही उन्हें उस हिसाब से भविष्य के लिए तराशा जाए। बैठक में खिलाड़ियों को दी जाने वाले डाइट मनी बढ़ाने के विषय, कोच की सैलरी बढ़ाने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही खेल विभाग के उच्च अधिकारियों ने कहा कि विभाग समय समय पर खिलाड़ियों की सहुलियत के लिए योजनाएं बना रहा है। आने वाले दिनों में खेल नर्सरी में खिलाड़ियों की जीओ बेस्ड हाजिरी लगेगी, इसके लिए परियोजना तैयार कर ली गई है।

**कोच और जिला खेल अधिकारियों के बीच हो समन्वय**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों की समस्याओं के समाधान के लिए भी कारगार कदम उठाने के निर्देश दिए है। उन्होंने इस पर सुझाव देते हुए कहा कि ऐसी योजना बनाई जाएगी, जिसके तहत कोच और जिला के खेल अधिकारियों के बीच आपस में समन्वय अच्छा हो। कोच को अगर कोई समस्या है, तो वो उस बारे में जिला खेल अधिकारियों को चर्चा करें,और वहां से फीडबैक विभाग के आला अफसरों के पास आएं। ऐसा इसलिए किया जाए, ताकि खिलाड़ियों की समस्याओं का समय रहते समाधान हो सके।

## एसएमएस स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

समाचार गेट/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** एसएमएस स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर की सफाई की गई। साथ ही छात्रों ने स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण बनाए रखने के महत्व को कला और विचारों के माध्यम से व्यक्त किया। विद्यालय के चीफ गेस्ट आशीष फौजदार ने वृक्षारोपण किया। कहा कि धरती केवल रहने की जगह नहीं, यह हमारा भविष्य है। इसका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।



प्राचार्य जगमाल कौशिक ने छात्रों को प्लास्टिक मुक्त जीवन जीने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के छोटे-छोटे प्रयास ही कल की हरियाली और स्वच्छता की नींव रखेंगे। बच्चों ने नृत्य, नाटक और भाषणों के जरिये संदेश दिया कि यदि हम अभी नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियां एक सुखी और प्रदूषित धरती विरासत में पाएंगी। मौके पर विशेष अतिथि के रूप में आशीष फौजदार ने कहा कि एसएमएस स्कूल पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिन का आयोजन नहीं मानता, बल्कि इसे बच्चों की शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाकर, एक हरित और सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है।




## जिला की मंडियों में 50806 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद, मंडियों से उठान का कार्य निर्बाध गति से जारी

समाचार गेट/संजय शर्मा

**गुरुग्राम।** जिला में रबी सीजन 2025-26 के दौरान गेहूँ की खरीद तथा उठान का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा जिला की मंडियों में अब तक 50806 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा फर्रुखनगर, जाटौली मंडी, खोड़ तथा सोहना स्थित अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग द्वारा 27972 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 22834 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि जिला की मंडियों से हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग ने अभी तक 14400 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 10680 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है।



# संपादकीय

## फटकार खाकर भी नहीं सुधर रही देश की पुलिस

नेताओं की हाथों की कठपुतली बनी पुलिस प्रणाली देश के आम लोगों का विश्वास जीतने में पूरी तरह नाकाम रही है। पुलिस का आचरण और व्यवहार आजादी के बाद भी सामंती बना हुआ है। अपराध रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस के अपराधियों की तरह आचरण करने से वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्रों में होने के कारण सत्तारुढ़ दलों के इशारों के बगैर काम नहीं करती है। ऐसे ही हालात पुलिस पर पक्षपात करने के जिम्मेदार हैं। अधिनस्थ से लेकर देश की शीर्ष अदालत कई बार पुलिस की कारगुजारियों को उजागर किया है। इसके बावजूद पुलिस के रवैये में कोई खास बदलाव नहीं आया है। सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी मामले में आपराधिक कानून लगाने पर उत्तरप्रदेश (यूपी) पुलिस को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि यूपी पुलिस की ओर से दीवानी मामलों में दर्ज की गई प्राथमिकियों पर गौर करने से पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।


नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

पुलिस के कुकृत्यों सिर्फ मनमर्जी तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाए कई मामलों खुद अपराधी बन बैठी है। पंजाब के चर्चित मोगा सेक्स स्कैंडल में मोहाली स्थित कोर्ट ने 4 पुलिस अधिकारियों को सजा सुनाई है। मोगा सेक्स स्कैंडल साल 2007 में सुर्खियों में आया। उस समय पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इस स्कैंडल में कई हाई प्रोफाइल राजनेता और सीनियर पुलिस अधिकारी शामिल थे। ये सब मिलकर अमीर लोगों को देह व्यापार में फंसाते थे। पुलिस की कारगुजारियों का पर्दाफाश सुप्रीम कोर्ट ने एक मृत्युदंड के मामले में भी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोप में निचली अदालत से मौत की सजा प्राप्त एक युवक को बरी करते हुए पुलिस प्रक्रिया पर तीखी टिप्पणियां की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सभी फोरेंसिक और गवाहों की रिपोर्टों की बारीकी से समीक्षा की और पाया कि आरोपी के खिलाफ कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था। इस तरह एक निर्दोष व्यक्ति ने 10 साल फांसी की सजा के साए में जेल में बिताए, जबकि पुलिस और न्यायिक व्यवस्था की नाकामी साफ नजर आई। सुप्रीम कोर्ट पुलिस और सत्तारुढ़ दलों के नापाक गठजोड़ को कई बार उजागर कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रहे एनवी रमना ने एक मामले में कहा था कि देखा जा रहा है कि पुलिस के अधिकारी सत्ता में मौजूद राजनीतिक पार्टी का फेवर करते हैं और सत्ता पक्ष के विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती जब विरोधी पक्ष के लोग सत्ता में आते हैं तो उन्हीं पुलिस अफसरों पर कार्यवाही करते हैं। देश में इस तरह का जो ट्रेंड दिख रहा है वह काफी परेशान करने वाला है। मुख्य न्यायाधीश रमना ने कहा था कि इसके लिए पुलिस विभाग को ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। पुलिस को चाहिए कि वह कानून के शासन पर टिके रहें। वह सत्ता और विपक्ष किसी के साथ न होकर स्वतंत्र रूप से काम करें। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ के निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। पाल के खिलाफ पुलिस ने सत्तारुढ दल के इशारे पर आय से अधिक सम्पत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज किया था।

## शराब ठेके से दो युवकों ने बीयर, नकदी व मोबाईल फोन चोरी किया

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव मोडी स्थित शराब की दुकान से बीयर व नकदी चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बारे में सुजान वासी मेघनवास ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह ठेका जोन 21 के गांव मोडी में ठेके पर बतौर इंचार्ज कार्यरत है। बीते रविवार को सुबह करीब 10 बजे जब वह ठेके से कैश लेने आया तो सेलमैन सुभाष वासी बौंदकलां ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे ठेके पर दो युवक आए थे जो बीयर की बोतल व 31 हजार रूपये की नकदी सहित उसका मोबाईल फोन चोरी कर ले गए। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया तो एक युवक ठेके का गेट खोलकर बीयर उठाकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है जबकि दूसरा मोबाईल फोन व गल्ला खोलकर नकदी लेकर जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने सुजान की शिकायत पर मौका मुआयना कर युवकों के विरूध केस दर्ज कर छानबीन शरू कर दी है।

## आगजनी से फसलों के नुकसान का तुरंत मुआवजा दे सरकार: जम्हूरी किसान सभा

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** जम्हूरी किसान सभा के राज्य कन्वीनर आजाद सिंह मिरान ने आगजनी की घटनाओं से किसानों को हुए नुकसान का तुरन्त मुआवजा दे प्रदेश के कई जिलों में गेहूं की फसलों में आगजनी की घटनाओं से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। पिछले एक सप्ताह मे राज्य के की जिलों में आंधी और बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल और पराली जलकर राख हो गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि किसानों की मुख्य गेहूं की फसल बर्बाद होने से उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है और ठेके या बटाई पर खेती करने वाले किसान इस नुकसान को सहन करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संकट की घड़ी में किसानों की मदद करनी चाहिए। सरकार को राजस्व विभाग और बिजली विभाग को आदेश जारी कर किसानों को उनके नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। पिछले सालों में देखने में आया है कि किसान आग लगने पर मुआवजा पाने के लिए महीनों इंतजार करते रहते हैं। वे अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काटते रहते हैं, लेकिन कोई उनकी बात नहीं सुनता। उन्होंने मांग की है कि सरकार सभी शर्तें हटाकर किसानों के नुकसान का आकलन कर उन्हें पूरा मुआवजा दे, ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके।

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## सिवानी मंडी के पास चौधरीवास टोल प्लाजा पर तनाव: किसान नेता रवि आजाद ने बताया गुंडा टैक्स, टोल हुआ फ्री

समाचार गेट/सोनिका सूरा



**सिवानी।** सिवानी मंडी-हिसार-राजगढ़ रोड पर स्थित चौधरीवास टोल प्लाजा पर आज संयुक्त किसान मोर्चा (स्वरू) का भारी विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। यह प्रदर्शन टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा हाल ही में किसान नेताओं के साथ की गई कथित बदतमीजी के खिलाफ आयोजित किया गया। विरोध स्वरूप, प्रदर्शनकारी किसानों ने दोपहर 2 बजे तक टोल प्लाजा को पूरी तरह से फ्री कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। धरने को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख नेता रवि आजाद ने टोल प्लाजा प्रशासन और अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके संगठन ने अपने कार्यकर्ताओं के लिए पहचान पत्र जारी किए हैं और टोल कर्मियों को उन्हें किसी भी प्रकार से परेशान नहीं करना चाहिए। आजाद ने चौधरीवास टोल प्लाजा को अवैध करार देते हुए सनसनीखेज आरोप लगाया कि यह एक प्रकार का गुंडा टैक्स है, जिसे जबरन वसूला जा रहा है।

अपने आरोपों के समर्थन में रवि आजाद ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के पूर्व के बयान का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि दो टोल प्लाजा के बीच की दूरी 60 किलोमीटर से कम नहीं होनी चाहिए। आजाद ने दावा किया कि चौधरीवास टोल प्लाजा इस नियम का उल्लंघन करता है, इसलिए इसे संचालित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

इस अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के कई अन्य नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में टोल प्लाजा के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में उनके संगठन के किसी भी कार्यकर्ता को परेशान किया गया, तो वे और भी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। टोल प्लाजा पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि, किसानों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन और टोल प्लाजा के अधिकारी इस गंभीर आरोप और विरोध प्रदर्शन पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं। क्या टोल प्लाजा की वैधता की जांच की जाएगी? और क्या किसान नेताओं के साथ बदतमीजी करने वाले कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी? यह घटना निश्चित रूप से किसान संगठनों और टोल प्लाजा संचालकों के बीच संबंधों को और तल्ख कर सकती है। आगे की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर गांव पाड़ा में जागरूकता शिविर का आयोजन, पेड़ों से है पृथ्वी की शान : नरेंद्र भारद्वाज

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** तावडू खंड के गांव पाड़ा में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गांव पाड़ा के निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसबीआई फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी गोपाल बाजिया ने विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत करने के साथ-साथ नए पौधे लगाकर किया गया।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज ने शिविर में पहुंचे पाड़ा गांव के निवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती की शान पेड़ों से है। यदि धरती पर अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे तो निश्चित ही धरती का अस्तित्व बचा रहेगा। मनुष्य का यह परम कर्तव्य है कि व वन व वन्य प्राणियों के जीवन को बचाने के लिए सदैव अग्रणी रहे। यदि पेड़ों की संख्या में बढोतरी होगी तो धरती पर जलस्तर भी सही रूप से कायम रहेगा और विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से भी मनुष्य जाति के अलावा अन्य जीव-जंतुओं की भी रक्षा होगी। इसके अलावा हमें रोजमर्रा में पोलिथीन का भी उपयोग करने से भी बचना चाहिए।

विभाग के कार्यकारी अभियंता अमित सौंडिला व उपमंडल अभियंता आबिद हुस्सैन ने भी पेड़ लगाने की श्रेणी में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान पर विभिन्न विभागों से प्रेरकों के अलावा गांव पाड़ा के सरपंच प्रतिनिधि हिम सिंह, डॉ. रविंद्र, सुरेश देवी, सीमा, ललिता, नितिका, सुदेश, सागर, असलिम, बीआरसी संदीप शर्मा, हरिओम तथा ग्रामीण पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे।

## पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में दी जल संरक्षण पोषण व स्वच्छता की जानकारी




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** पोषण पखवाड़ा खंड तावडू की ग्राम पंचायत डीढारा के आंगनवाड़ी केंद्र में मनाया गया पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया! इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन तावडू खंड के संयोजक संदीप शर्मा ने की उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पोषण, जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में खंड संयोजक संदीप शर्मा व हरिओम ने विशेष रूप से भाग लिया व साथ ही जल बचाने के महत्व को विस्तार से बताया व साबुन से हाथ अच्छे से धोएं ताकि हाथों में किटाणु न रहें !से होने और उन्होंने पानी से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु विभाग का टोल फ्री नंबर 18001805678 की जानकारी भी कार्यकर्ताओं को दी साथ ही उन्होंने कहा कि जल एक अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं ,जिसे केवल बचाया जा सकता हैं, बनाया नहीं जा सकता!

गर्मियों के मौसम को देखते हुए उन्होंने सभी को बताया कि पानी का उपयोग आवश्यकता होने पर ही करें और पानी की बर्बादी न करें! कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर जाकर महिलाओं और किशोरियों को पोषण से संबंधित जानकारी देने का कार्य भी किया जा रहा है! गर्भवती महिलाओं के लिए संतुलित आहार, प्रसव पूर्व जांच, एनीमिया से बचाव के लिए आयरन की गोलियां लेने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई! और इस के साथ पोषण युक्त आहार में फल, हरि सब्जियां और अन्य पोषक तत्वों की उपयोगिता को भी समझाया गया! सुपरवाइजर सिंपी नीलम कांता व प्रियंका ने बताया कि पोषण पखवाड़ा को सफल बनाने हेतु आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं! यह अभियान 23 अप्रैल 2025 तक चलेगा संदीप शर्मा ने कहा कि पोषण पखवाड़ा मनाने के साथ साथ जल संरक्षण करने ओर बढ़ती गर्मी मे पीने योग्य पानी की बचत करे जरूरत पड़ने पर हि पानी का प्रयोग करे हाथों की सफाई करें व अपने घरों के आस पास गंदगी के ढेर न लगने दे तथा उसके आस पास सफाई रखकर स्वयं को स्वस्थ्य रखने का संदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर तक पहुंचाया जा रहा है। बाल विवाह निषेध,पोषण पखवाड़ा इस कार्यक्रम में तावडू खंड की सुपरवाइजर ने आई हुई सभी वर्कर एवं महिलाओं को जल संरक्षण का संदेश भी दिया और साथ ही पोषण पखवाड़ा के बारे में जानकारी दी! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनवाड़ी वर्कर बिमला देवी गुड्डी बीना उषा देवी गीता देवी सारिका हिमांशी दयावती जमीला निहालीदेवी कुंती ओमवती मूर्ति ज्योति सुनीता अन्नू पिंकी सोनिया निशा सपना ममता शबनम शकुन्त उपस्थित रही।

## सिवानी मंडी में ट्रिपल इंजन सरकार का तीसरा इंजन हांफता, मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते नागरिक

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**चेयरपर्सन वंदना राजेश केडिया के अनुसार, सिवानी मंडी की व्यवस्था लंबे समय से खराब थी, जिसे सुधारने के लिए वे सभी विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। पेयजल समस्या के बारे में उन्होंने बताया कि नहरों की सफाई चल रही है, जिसके कारण पानी की आपूर्ति बाधित है।**

**सिवानी।** हरियाणा के सिवानी मंडी में हाल ही में संपन्न हुए नगरपालिका चुनावों के बाद भी नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बहुचर्चित ट्रिपल इंजन सरकार का तीसरा इंजन कहे जाने वाली नगरपालिका परिषद का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। चुनाव हुए लगभग एक महीना ही बीता है, लेकिन शहर में पेयजल, बिजली और सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश है।

शहर के निवासी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। आलम यह है कि पांच से छह दिनों के अंतराल पर मात्र 20 से 25 मिनट के लिए पानी की आपूर्ति हो रही है। यह नाममात्र की आपूर्ति नागरिकों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं है। मजबूरन, आम नागरिक अपनी प्यास बुझाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए निजी पानी सप्लायरों का सहारा लेने को विवश हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

पानी की समस्या के साथ-साथ बिजली की अनियमित आपूर्ति ने भी लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से शहर में बिजली के लंबे-लंबे कट लग रहे हैं, जिससे घरों में अंधेरा छा जाता है और दैनिक कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। गर्मी के इस मौसम में बिजली की कटौती विशेष रूप से कष्टदायक साबित हो रही है।

यदि पेयजल और बिजली की समस्या कम थी, तो शहर की सफाई व्यवस्था भी बदहाल है। चारों तरफ गंदगी का आलम है और पूरे दिन धूल उड़ती रहती है, जिससे वातावरण अस्वस्थ बना हुआ है। सड़कों और गलियों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जो न केवल बीमारियों को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि शहर की सुंदरता को भी ग्रहण लगा रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगरपालिका चुनावों के दौरान किए गए वादे हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। ट्रिपल इंजन सरकार, जिसमें केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय में एक ही पार्टी या गठबंधन की सरकार होने का दावा किया जाता है, सिवानी मंडी में अपनी उपस्थिति का कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं दिखा पा रही है। लोगों में इस बात को लेकर गहरी निराशा है कि चुनाव के तुरंत बाद ही मूलभूत सुविधाओं की ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

इस गंभीर स्थिति को लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है और वे जल्द ही नगरपालिका प्रशासन से ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है तो वे आंदोलन करने के लिए भी मजबूर हो सकते हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नवनिर्वाचित नगरपालिका परिषद नागरिकों की इस गंभीर समस्या पर कब ध्यान देती है और उन्हें कब तक राहत मिलती है। सिवानी मंडी के नागरिक आज मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें एक ऐसी सक्षम स्थानीय सरकार की आवश्यकता है जो उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा कर सके।

## कनीना मंडी में मंगलवार को 1250 क्विंटल गेहूं तथा 6200 क्विंटल सरसों की हुई आवक



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना की पुरानी आनाज मंडी में मंगलवार को 1250 क्विंटल गेहूं की आवक होने पर अब तक 49500 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी हैं जबकि 33200 क्विंटल का उठान किया जा चुका है। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने बताया कि गेहूं की खरीद फूड सप्लाई की ओर से 2425 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद स्टेट वेयर हाउस की ओर से नई आनाज मंडी चेलावास में एमएसपी 5950 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। मंगलवार को 6200 क्विंटल सरसों की आवक हुई। खरीद एजेंसी की प्रबंधक सीमा देवी ने बताया कि अब तक 210353 क्विंटल खरीदी जा चुकी है। जिसमें से 138200 क्विंटल का उठान किया जा चुका है। मार्केट कमेटी के सचिव विजय सिंह ने कहा कि गेहूं सरसों की खरीद कार्य के चलते मंडी में आने वाले किसानों के सामने किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। व्यवस्था का सुचारू बनाए रखने के लिए रोस्टर सिस्टम लागू किया हैं। जिसके अंतर्गत पूर्व निर्धारित गावों के किसानों से सरसों फसल की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि बुधवार 23 अप्रैल को झाडली, झिगावन, ककराला, कलवाडी, कनीना, कपूरी, करीरा, केमला, खरकडा बास, खेडी, खैराना, कोका, कोटिया, मानपुरा, मोहनपुर, मोडी तथा 24 को मुंडिया खेडा, नांगल, नोताना पडतल, पाथेडा, पोता, रामबास, रसूलपुर, स्याणा, सेहलंग, सिहोर, सुंदरह, तलवाना, उन्चत व उन्हाणी के किसानों से सरसों की खरीद की जाएगी। इस मौके पर गेहूं की खरीद अधिकारी ध्यान सिंह, मार्केट कमेटी के सहायक सचिव मनोज पराशर के अलावा मनीष गुप्ता, नितिन मित्तल, राधेश्याम शर्मा, सतीश कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप सिंह उपस्थित थे।

## नगरपालिका दस्ते ने मंडी रोड से हटाए अतिक्रमण

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



**कनीना।** नगरपालिका दस्ते ने मंगलवार को कनीना मंडी रोड से रेहडी-फडी वालों को खदेडकर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जहां नगरपालिका के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, उप नागरिक अस्पताल रोड तथा अम्बेडकर चैक पर सब्जि,फल, गोलगप्पे व खोमचे वालों को खदेड दिया। माना जा रहा है कि सडक किनारे खडे इन रेहडी-फडी के कारण सडक जाम हो जाती है। जिससे इमरजेंसी के दौरान अस्पताल में आने वाले मरीजों व एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिल पाता। जिसके चलते मरीज की सांसे अटक जाती हैं। इसी प्रकार स्कूल की चारदीवारी के समीप सब्जि वालों द्वारा दी जाने वाली आवाज टमाटर 20 रूपये किलो व प्याज सौ की सात किलो की आवाज सनकर तंग आ रहे हैं। सब्जि व फल की रेहडियों पर बंदर भी मंडराए रहते हैं जो कभी-कभार विद्यार्थियों एवं राहगीरों पर अटैक कर देते हैं। नगर पालिका की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी ने कहा कि नगर आयुक्त डॉ आनंद शर्मा के दिशा निर्देश पर कनीना में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि नगर की स्वचछता व विकास में आमजन सहयोग करे। अतिक्रमण करने से आए दिन मार्ग अवरूध होने की शिकायतें आती हैं। कई बार उन्हें चेतावनी भी दी गई है लेकिन अमल नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका के आदेशों की अनदेखी करने वाले अतिक्रमणकारियों के विरूध पुलिस कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सफाई इंचार्ज सुरेंद्र वशिष्ठ, मेम्बर नितेष गुप्ता सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

## ध्यानार्थ:

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

को TITLE CODE : HARHIN11569

## आवश्यकता है

- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर स्कीम से लाखों गरीबों को बचत में मिली मदद

### 3.50 लाख करोड़ का हुआ फायदा

**नई दिल्ली।**

भारतीय सरकार द्वारा आयोजित डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) स्कीम ने देश के करोड़ों गरीब लोगों को एक नया आशा का संदेश दिया है। एक नवीन रिपोर्ट ने बताया है कि इस स्कीम के माध्यम से कुल मिलाकर देश ने 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत की है। रिपोर्ट के अनुसार डीबीटी के कार्यान्वयन से पहले की तुलना में सब्सिडी का व्यय कुल व्यय के नौ प्रतिशत में घटकर आ गया है। इससे सार्वजनिक व्यय की दक्षता में एक बड़ा सुधार देखा गया है। खाद्य सब्सिडी, मनरेगा और अन्य लाभार्थियों के लिए योजनाओं में गड़बड़ियों को रोकने में डीबीटी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सफलता से देश ने एक नए दिशा दिखाई है, जो कल्याणकारी योजनाओं को अधिक कुशल, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मामला प्रस्तुत करता है।

इससे समाज में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है। डीबीटी स्कीम ने गरीब और सरकार दोनों के लिए एक सफल कदम साबित हुआ है और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य सब्सिडी (पीडीएस) के तहत 1.85 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई। यह डीबीटी के तहत कुल बचत का 53 प्रतिशत है। इसका मुख्य कारण आधार से जुड़े राशन कार्ड का सत्यापन है। मनरेगा में, 98 प्रतिशत मजदूरी समय पर अंतरित की गई। इससे डीबीटी-संचालित जवाबदेही के माध्यम से 42,534 करोड़ रुपये की बचत हुई। इसी प्रकार, पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत, डीबीटी के उपयोग से 2.1 करोड़ अपात्र लाभार्थियों को योजना से हटाकर 22,106 करोड़



रुपये बचाने में मदद मिली है। उर्वरक सब्सिडी के तहत, 158 लाख टन उर्वरक की बिक्री कम हुई, इससे लक्षित वितरण के माध्यम से 18,699.8 करोड़ रुपये की बचत हुई।

## देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्रवाई की आवश्यकताः वित्त मंत्री



सैन फ्रांसिस्को।

भारतीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक भावुक भाषण देकर कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत अगले दो दशकों में एक नए मानक पर जा रहा है, जो महत्वपूर्ण सुधारों और नवाचारिक नीतियों पर आधारित होगा। उन्होंने इस लक्ष्य को साउथ कैरोलाइना राज्य के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण में उजागर किया। सीतारमण ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में कई सुधार किए हैं, जैसे मानव संसाधन विकास, व्यापार कानूनों में सुधार, और डिजिटलीकरण के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं का मोड़ना। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दशक में निवेशकों का विश्वास जोर पकड़ रहा है और विनिर्माण आधारित वृद्धि के लिए मजबूत आधार बना रखा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक साझा मिशन चलाना है, जिसका लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत बनाना है। यह मिशन एकमात्र एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि विश्वास है कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार आधारित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। सीतारमण ने अंत में कहा कि अगले दो दशकों में भारत को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि सार्वजनिक नीतियों को नए परिदृश्यों के साथ मेल कर उन्हें अनुकूलित किया जाए।

## सोने के दाम 1 लाख के पार, चांदी में भी तेजी

### सोने की कीमत 1,00,116 रुपए, चांदी 97,275 प्रति किलोग्राम



**नई दिल्ली।**

वेडिंग सीजन में एक बार फिर सोने-चांदी के भाव में तेजी देखी जा रही है। इन दिनों सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखी जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ, गिरते डॉलर, आर्थिक मंदी की आशंकाओं ने सोने की कीमतों को आसमान छूने पर मजबूर कर दिया है। बता दें कि सोमवार को शाम के कारोबार में सोने ने इतिहास रच दिया और फिजिकल मार्केट में पहली बार 1 लाख रुपये के पार पहुंच गया। 24 कैरेट (999) सोने की आखिरी कीमत 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 3 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण सोने की कीमत 1,00,116 रुपये हो गई। आधिकारिक वेबसाइट के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को कारोबार की शुरुआत में एमसीएक्स पर सोने की कीमतें 97,352 प्रति 10 ग्राम पर थीं, जो 73/10 ग्राम की बढ़ोतरी के साथ अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं एमसएक्स पर चांदी की कीमतें भी 238/किलोग्राम बढ़कर 97,275/किलोग्राम हो गई हैं। इसके अलावा बुलियन एसोसिएशनके आंकड़ों के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत 97,560/10 ग्राम है। 22 कैरेट सोने की कीमत 89,430/10 ग्राम है। वहीं आईबीए की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार को सुबह चांदी की कीमत 95,720/किलोग्राम थी।

नई दिल्ली में सोने की कीमतें 94,260/10 ग्राम, एमसीएक्स सोने की कीमत 97,220/10 ग्राम। चांदी की कीमतें 95,380/किग्रा, एमसीएक्स पर चांदी की कीमतें 7,275/किग्रा है। मुंबई में सोना 97,380/10 ग्राम, एमसीएक्स पर 97,352/10 ग्राम, चांदी की कीमत - 95,540/किग्रा, एमसीएक्स पर 999 की कीमत 97,275/किग्रा है।

## इरडा और पीएफसी ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराएंगे

### जेनसोल ने फर्जी पत्रों का इस्तेमाल करके अपने ऋणदाताओं को गुमराह किया था

**नई दिल्ली।**

जेनसोल इंजीनियरिंग (जीईएल) के फर्जीवाड़ा मामले को लेकर भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी) दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की नजर में आ गया है।

सूत्रों के मुताबिक, दोनों सरकारी कंपनियां इस मामले में शिकायत दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। मामले के तहत, जेनसोल ने पीएफसी और इरेडा के नाम से फर्जी पत्रों का इस्तेमाल करके अपने ऋणदाताओं को गुमराह किया था। इसके बाद कंपनी के खिलाफ अनमोल जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी के खिलाफ सेबी का अंतरिम आदेश आया था। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने भी इस मामले में कदम उठाने की घोषणा की है।




सूत्रों का कहना है कि जेनसोल ने पीएफसी और इरेडा को इस मामले के बारे में ईमेल भेजा था, परंतु जवाब नहीं मिला। इन्हें पहले ही ध्यान में आई असामान्यताओं की जानकारी मिल गई थी, जिसके बाद उनके खिलाफ कानूनी कदम उठाने का फैसला किया गया। प्रमुख सूत्र ने बताया कि पीएफसी और इरेडा ने इन आरोपों को नकारा है, लेकिन उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके। जेनसोल के दावे के मुताबिक इस फर्जीवाड़े में कंपनी के एक कर्मचारी ने शामिल होकर किया था, और कंपनी की प्रबंधन इसके लिए जिम्मेदार नहीं थी। यह मामला भारतीय पूंजी बाजार में हलचल मचा रहा है, और आगे की जांच के बाद हो सकता है कि इसमें और भी गहराई छुपी हो।

## इस भारतीय कंपनी का हेडक्वार्टर अब विदेश की जगह देश में ही होगा

**मुंबई।**

वॉलमार्ट समूह की ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने कहा कि वह अपना हेडक्वार्टर सिंगापुर से भारत में स्थापित करेगी। कंपनी के कदम को उसके संभावित आईपीओ लाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। वर्तमान में, फ्लिपकार्ट का मुख्यालय सिंगापुर में है। कंपनी ने कहा, +भारत में स्थित और यहीं से ऑपरेशन करने वाली भारत की घरेलू ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने अपनी होल्डिंग कंपनी को सिंगापुर से भारत लाने का इरादा जाहिर किया है। दरअसल सवाल ये है कि फ्लिपकार्ट एक भारतीय कंपनी है लेकिन इसका हेड ऑफिस सिंगापुर में क्यों है। इसका जवाब है टैक्स से जुड़ा फायदा है। दरअसल, सिंगापुर एक +टैक्स हेवन+ की तरह है यहां कंपनियों को कम कर देना होता है। इसके अलावा, स्पष्ट और स्थिर टैक्स कानूनों के चलते सिंगापुर में विदेशी निवेशकों को पैसा लगाना आसान लगता है। वहीं फ्लिपकार्ट अब भारत में सार्वजनिक सूचीबद्धता के लिए विचार कर रही है। कंपनी ने कहा, +भारत में जन्मी और विकास करने वाली कंपनी के रूप में, यह बदलाव हमारे ग्राहकों, विक्रेताओं, भागीदारों और समुदायों की सेवा करने में हमारे ध्यान और तत्परता को और बढ़ाएगा, ताकि देश की बढ़ती




डिजिटल अर्थव्यवस्था और उद्यमिता में योगदान जारी रखा जा सके।

## इंडिया स्टील सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 24- 26 अप्रैल तक मुंबई में

### प्रधानमंत्री मोदी 24 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे

**मुंबई।** मुंबई के बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में 24-26 अप्रैल तक आयोजित हो रहे इस्पात क्षेत्र के अग्रदूत आयोजन इंडिया स्टील का छठा संस्करण आंखों के सामने है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को इस कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस्पात मंत्रालय ने जारी किया एक विज्ञप्ति, जिसमें इंडिया स्टील 2025 के लक्ष्यों पर चर्चा करने की घोषणा की गई है। इसमें वैश्विक हितधारकों की विकास रणनीतियों, इस्पात उत्पादन में स्थिरता, और नए तकनीकी उत्पादों की भूमिका पर विचार किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री और कई राज्य के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। पीयूष गोयल, अश्विनी वैष्णव, प्रहलाद जोशी, जी. किशन रेड्डी, और भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा कुछ नाम हैं, जो इस सम्मेलन में सक्रिय भाग लेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, विष्णु देव साय, और मोहन चरण माझी कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री भी उपस्थित होंगे। इस संयोजन में नई तकनीकों और संवर्धनशील उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।



## रुपया डॉलर के मुकाबले चार पैसे टूटकर 85.19 पर

### सोमवार को डॉलर के मुकाबले 23 पैसे मजबूत होकर 85.15 पर बंद हुआ था

**मुंबई।**

रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ चार पैसे कमजोर होकर 85.19 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों से मिले समर्थन को निवेशकों द्वारा डॉलर की पुनर्खरीद ने बेअसर कर दिया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि शुल्क और अमेरिकी मौद्रिक नीति से उत्पन्न आर्थिक प्रतिकूलताओं के बारे में चिंता बनी हुई है, जिससे मांग में कमी आ सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.11 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.19 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे मजबूत होकर 85.15 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.09 पर रहा।

## सोना पहली बार 96 हजार के पार

**नई दिल्ली।**

सोने के दाम ने सोमवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,677 बढ़कर 96,587 पर बंद हुआ। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 94,910 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,049 बढ़कर 96,200 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,151 प्रति किलो था। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था। अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है।

## रुपया सपाट बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबल सोमवार को भारतीय रुपया 85.38 पर सपाट बंद हुआ। रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 33 पैसे की बढ़त के साथ 85.05 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी प्रवाह से निवेशकों की धारणा को बल मिला। व्यापारियों ने कहा कि घरेलू संकेतकों में उत्साहवर्धक सुधार तथा वैश्विक परिस्थितियों में बदलाव के कारण पिछले कुछ कारोबारी सत्रों में भारतीय रुपये में वृद्धि हुई है, जिससे रुपया मजबूत बना हुआ है, जबकि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता का माहौल है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.15 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.05 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 33 पैसे की बढ़त दिखाता है। वहीं रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 26 पैसे मजबूत होकर 85.39 पर बंद हुआ था। शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के कारण विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.92 फीसदी की गिरावट के साथ 98.31 पर रहा।

## सेंसेक्स 855 अंक चढ़कर 79,408 पर बंद

### निफ्टी में भी 273 अंक की तेजी रही, आईटी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार 21 अप्रैल को सेंसेक्स 855 अंक चढ़कर 79,408 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 273 अंक चढ़ा, ये 24,125 के स्तर बंद हुआ। वहीं बैंक निफ्टी नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। ये 1,014 अंक चढ़कर 55,304 पर बंद हुआ। बैंकिंग के अलावा आईटी और मेटल शेयर्स में भी बढ़त रही।

## एक्टिव फंड्स ने सभी प्रमुख श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन किया

### पैसिव फंड्स को पीछे छोड़ दिया

**नई दिल्ली।**

वित्त वर्ष 2024-25 में एक्टिव फंड्स (ड्डद्भद्वद्द द्धह्वठ्ठस्रह्य) ने सभी प्रमुख श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन किया है और पैसिव फड्स को पीछे छोड़ दिया है। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ की अप्रैल 2025 की अल्फा स्ट्रैटजिस्ट रिपोर्ट में यह ट्रेंड सामने आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक्टिव स्ट्रैटजी ने न केवल बेहतर रिटर्न दिए, बल्कि उतार-चढ़ाव वाले बाजार में बेहतर रिस्क मैनेजमेंट भी दिखाया। मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि आने वाले तिमाहियों में भी एक्टिव फंड्स की यह बढ़त बनी रह सकती है। तीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ ने इक्विटी को लेकर न्यूट्रल रुख अपनाने की सलाह दी है। कंपनी का मानना है कि मौजूदा मार्केट वैल्यूएशन और उतार-चढ़ाव को देखते हुए सतर्क रुख जरूरी है। हालांकि, उन्होंने पूंजी निवेश को लेकर एक रणनीतिक अप्रोच अपनाने की सिफारिश की है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाइब्रिड फंड्स में निवेश के लिए एकमुश्त निवेश की स्ट्रैटेजी को प्राथमिकता दी गई है। वहीं लार्ज कैप, फ्लेक्सी कैप, मिड और स्मॉल कैप फंड्स में अगले 2-3 महीनों में धीरे-धीरे निवेश (करने की सलाह दी गई है। भारतीय इक्विटी बाजार में फिलहाल वैल्यूएशन का मिली-जुली तस्वीर देखने को मिल रहा है। मोतीलाल ओसवाल ने एक नोट में कहा, हालिया करेक्शन को देखते हुए अगर इक्विटी में आपकी निवेश हिस्सेदारी अभी भी लक्ष्य से कम है, तो निवेशक हाइब्रिड फंड्स में लंप-सम और लार्ज कैप, फ्लेक्सी कैप, मिड और स्मॉल कैप फड्स में अगले 2-3 महीनों के दौरान धीरे-धीरे निवेश बढ़ा सकते हैं। अगर बाजार में कोई बड़ी गिरावट आती है, तो पूंजी निवेश की रफ्तार को और तेज करना फायदेमंद हो सकता है।

## शेयर बाजार हल्की तेजी के साथ बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबार दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी से आई है। आज आईटीसी के शेयरों में सबसे अच्छी तेजी रही। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी तेजी रही। आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 187.09 अंक करीब 0.24 फीसदी बढ़कर 79,595.59 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 41.70 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 24,167.25 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 14 के शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। एफएमसीजी स्टॉक आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा उछलकर बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एटरनल, एसबीआई, कोटक बैंक, सन फार्मा के शेयर मुख्य रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर इंडसइंड बैंक का शेयर 4 फीसदी से ज्यादा गिरकर बंद हुआ। इसके अलावा पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, इनफोसिस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स और टाटा स्टील के शेयरों में भी गिरावट रही।

पिछले छह कारोबारी सत्र में सेंसेक्स में 7.8 फीसदी करीब 5,749 अंक बढ़त रही जबकि निफ्टी में 7.9 फीसदी तकर 1,768 अंक की बढ़त रही।

वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो वॉल स्ट्रीट पर डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 2.48 फीसद नीचे आकर 38,170.41 अंक पर बंद हुआ। एसएंडपी भी 2.36 फीसदी टूटकर 5,158.20 पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट 2.55 फीसदी नीचे आकर 15,870.90 पर बंद हुआ। डॉव




जोन्स से जुड़े वायदा 0.33 फीसदी आगे थे, जबकि एसएंडपी 500 वायदा और नैस्डैक 100 वायदा में लगभग 0.4 फीसदी की बढ़त रही।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की बढ़त लेकर हल्की बढ़त के साथ खुले। प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी-50 और सेंसेक्स खुलते ही लाल निशान में फिसल गए। सेंसेक्स 79,728.39 अंक पर खुला। खुलते ही इसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सुबह यह 191.71 अंक की बढ़त लेकर 79,600 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी-50 भी आज मामूली बढ़त में खुला। सुबह यह 49.80 अंक की बढ़त के साथ 24,175.35 अंक पर कारोबार कर रहा था।

## होंडा एलिवेट भारतीय सडकों के लिए सबसे उपयुक्त एसयूवीएस

**नई दिल्ली।**

बाजार में कई एसयूवीएस उपलब्ध हैं जो भारतीय सड़कों पर आराम से चलने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। हम आपको ऐसी पांच बेहतरीन एसयूवीएस के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारतीय सड़कों के लिए परफेक्ट हैं। होंडा एलिवेट, भारतीय सड़कों पर आरामदायक और सुरक्षित यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त एसयूवीएस में से एक है। इसकी सॉफ्ट सस्पेंशन सेटअप और सुविधाजनक ड्राइविंग अनुभव इसे खास बनाता है।

इसमें सनरूफ, 10.25-इंच टचस्क्रीन, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, और होंडा सेंसिंग अडास जैसी सुविधाएं दी गई है। यह एसयूवी भारतीय सड़कों की खामियों को आसानी से समाहित करती है और ड्राइवर को आरामदायक अनुभव प्रदान करती है।

इसकी कीमत 13.89 लाख रुपये से 20.08 लाख रुपये (ऑन-रोड, मुंबई) के बीच है। मारुति ब्रेज़ा, जो एक कॉम्पैक्ट एसयूवी है, ने भारतीय बाजार में बहुत सफलता प्राप्त की है। ब्रेज़ा का सस्पेंशन सिस्टम भारतीय सड़कों के लिए आदर्श है, जो न केवल वाहन को आराम से चलाने की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि ड्राइवर और यात्री धक्कों से बचें। इसमें इलेक्ट्रिक सनरूफ, 360-डिग्री कैमरा, और 9-इंच टचस्क्रीन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। यह एसयूवी सुरक्षा और आराम दोनों का बेहतरीन मिश्रण पेश करती है और इसकी कीमत 9.56 लाख रुपये से 14.56 लाख रुपये के बीच है।टाटा नेक्सॉन भारतीय सड़कों पर बेहतरीन सवारी अनुभव देती है और इसकी विश्वसनीयता भी काफी प्रसिद्ध है।

इसमें वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, 360-डिग्री कैमरा, और 10.25-इंच टचस्क्रीन जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा, इसमें 1.2-लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.5-लीटर डीजल इंजन के विकल्प मिलते हैं, जो शानदार परफॉर्मेंस और ईंधन दक्षता प्रदान करते हैं। इसकी कीमत 9.30 लाख रुपये से 18.60 लाख रुपये (ऑन-रोड, मुंबई) के बीच है। महिंद्रा एक्सयूवी 3ड्ड अपनी आरामदायक सवारी और ड्राइविंग अनुभव के लिए जानी जाती है।

## डीआईएल 'बिरयानी बाई किलो' में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी

**नई दिल्ली।**

देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड ने केएफसी, पिज्जा हट और कोस्टा कॉफी जैसी त्वरित सेवा रेस्तरां श्रृंखला को फ्रैंचाइजी समझौतों के जरिए संचालित करने वाली स्काई गेट हॉस्पिटैलिटी की देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड ने घरेलू श्रृंखला बिरयानी बाई किलो के अधिग्रहण की योजना की घोषणा की है। इस सामाचार के अनुसार, दी सूचनाओं के द्वारा, जयपुरिया परिवार द्वारा प्रवर्तित डीआईएल देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा बहुलांश हिस्सेदारी प्राप्त की जाएगी।बिरयानी के अलावा, स्काई गेट हॉस्पिटैलिटी ने क्लाउड किचन और अन्य छोटे ब्रांड की संचालन की भी जिम्मेदारी ली है। बिरयानी बाई किलो के तहत देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड की विस्तृत छापा बढ़ने की उम्मीद है। उनकी पहुंच भारत, नेपाल, और नाइजीरिया के कई शहरों तक है। कंपनी ने अभी तक अधिग्रहण की मूल्य और शेयरों की संख्या का खुलासा नहीं किया है, लेकिन उन्होंने बताया कि निदेशक मंडल की मेंबर्स की बैठक 24 अप्रैल को होगी। यह बैठक मंजूरी देने और सामर्थ्य की मान्यता देने के लिए होगी, जिसमें कंपनी के इक्विटी शेयरों को जारी करने और सबसे अच्छी डील्स पर विचार करने के लिए तरजीही आधार पर निश्चित समझौतों पर चर्चा की जाएगी।

# विदेशी ताकतों ने भारतीय परिवारों को नष्ट करने का कुचक्र चलाया : रविंद्र जोशी

**कुटुंब प्रबोधन सर्व समाज के लिए एक स्वीकार्य पहल**

**परिवार के साथ चलने का प्रयास करना होगा**

**संघ द्वारा 2008 में शुरू किए गया कुटुंब प्रबोधन**

**रील नहीं रियल के लिए मोबाइल उपवास रखें**



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्प कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम में अखिल भारतीय संयोजक रविंद्र जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विदेशी ताकतें भारतीय परिवारों को नष्ट करने का कुचक्र चलाए हुए हैं। हमें इससे सावधान रहने की आवश्यकता है। वर्तमान में टी वी धारावाहिक, मोबाइल का अधिक प्रयोग, जोमैटो से रसोई और लिव इन जैसी प्रवृत्तियों ने भारतीय परिवारों पर बहुत बुरा प्रभाव डाला है। संघ द्वारा 2008 में शुरू किए गए कुटुंब प्रबोधन से ही सर्व समाज एवं भारतीय परिवारों का भला हो सकता है।

सेक्टर-15 स्थित गीता मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम में अखिल भारतीय संयोजक रविंद्र जोशी ने फरीदाबाद विभाग के 100 से अधिक परिवार जनों के समूह को अपने उद्बोधन में बताया कि विदेशी ताकतें भारतीय परिवारों को नष्ट करने का कुचक्र चलाए हुए हैं। उनकी नजर हमारी शिक्षा-संस्कृति के उपरांत भारतीय परिवारों को नष्ट करने पर है। टी वी धारावाहिक में विकृत विचार-व्यवहार वाले परिवारों के किस्से कहानी से, लिव इन जैसी कुप्रवृति से हमारे परिवार टूट रहे हैं। ऑनलाइन खाना मंगवाने वाले जोमैटो के चलन से हमारी रसोई खतरे में है आज घर पर खाना बनाने के बजाय ऑनलाइन खाना मंगवाने का चलन बढ़ गया है। मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग, रील देखने की आदत ये सब हमारे भारतीय परिवारों को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। हमे रील नहीं रीयल्टी को समझना होगा और इसके लिए मोबाइल उपवास रखना होगा। घर में मोबाइल पार्किंग बॉक्स बनाए ताकि कुछ समय के लिए अपने अपने मोबाइल को उसमें रखकर उससे दूर रहने की आदत डालनी होगी।

श्री जोशी ने कहा कि एकल परिवार की संस्कृति के चलते संयुक्त परिवार तो समाज से गायब हो गए। संयुक्त परिवार में रहना मुश्किल है असंभव नहीं। हम एक साथ नहीं रह सकते लेकिन परिवार के साथ एक साथ होकर चल तो सकते हैं। इसके लिए उन्होंने छह भ जैसे भजन, भोजन, भाषा, भूषा, भ्रमण, भवन और छह प जैसे प्रार्थना, प्राणायाम, प्रतिभागिता, प्रेरक प्रसंग, परम्पराएं और प्रसाद के माध्यम से अपने परिवार को भक्तिधाम बनाए। महीने एवं सप्ताह में जब भी समय मिले एक साथ भोजन करें। योग करें, भजन करें। बच्चों के जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ, अन्य त्यौहार अपने परिवारजनों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए मिलजुलकर बनाएं। घर में तैयार मिष्ठान से, घरेलू व्यंजन बनाकर मिलजुल कर खाएं और खिलाएं। इस अवसर पर उत्तरक्षेत्र संपर्क प्रमुख श्रीकृष्ण सिंघल, डॉ. सुनील कुमार गर्ग, डॉ. अरविंद सूद, अरुण वालिया, मुकेश मंगला, सुरेश सैनी, रोहित सिंगला एवं काफी संख्या में प्रबुद्धजन, वरिष्ठ नागरिकगण एवं 100 से अधिक परिवार के सैंकड़ो सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर सभी ने अल्पाहार लिया।

# एनसीसी ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



समाचार गेट/संजय शर्मा

**बल्लभगढ।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 22 अप्रैल 2025 को एनसीसी के अंतर्गत महाविद्यालय प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी दिवस जिसकी शुरुआत अमेरिकी सीनेटर नेल्सन ने की थी। उन्होंने 22 अप्रैल 1970 को पहले पृथ्वी दिवस आयोजित किया। इसका अर्थ पर्यावरणीय शिक्षा दिवस से है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम का आरंभ एक मोटिवेशनल वीडियो के द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पृथ्वी दिवस के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर कविता पाठ और भाषण गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनसीसी सीनियर विंग कैडेट खुशी, पूजा, खुशबू, भविश और वंदना ने कविता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत कर पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। भाषण में कैडेट रिया, इशु, डॉली, खुशी, परमजीत और आनंद ने अपने वक्तव्य में पृथ्वी को ओर अधिक साफ व सुरक्षित करने पर जोर दिया तथा आधुनिक समय में बढ़ते दूषित पर्यावरण से पृथ्वी को बचाने का संकल्प सभी से कराया द्य अंत में एनसीसी अधिकारी सब. लेफ्टिनेंट पूजा सैनी ने कैडेट्स को अथर्ववेद में वर्णित पृथ्वी सूक्त के बारे में बताया कि पृथ्वी हमारी माता है, हम सब उनकी संतान है, ऐसा मानकर माता की सेवा करने का आग्रह किया। इन गतिविधियों से एनसीसी के 24 कैडेट्स लाभान्वित हुए।

# राष्ट्रीय स्तर पर पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन



समाचार गेट/संजय शर्मा

**बल्लभगढ।** पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण क्लब ने एन.एस.एस. यूनिट-2 अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सहयोग से 22 अप्रैल 2025 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के शासी निकाय के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पृथ्वी दिवस समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में तीन रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं- नारा लेखन, कविता और कहानी सुनाना- जिसमें विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निशा, द्वितीय पुरस्कार अरमान और तृतीय पुरस्कार भूमिका यादव ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किए। कविता प्रतियोगिता में सुंदर रचनाएं देखने को मिलीं, जिसमें प्रथम पुरस्कार रिंकी, द्वितीय पुरस्कार मुस्कान, तृतीय पुरस्कार राशि और सांत्वना पुरस्कार प्रिया को मिला। कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गार्गी रावत, द्वितीय पुरस्कार अक्षत अग्रवाल और तृतीय पुरस्कार विवेक सिंह ने अपनी आकर्षक कहानियों से निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिताओं का निर्णय एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया जिसमें नारा लेखन के लिए डॉ रेखा सेन, कविता के लिए डॉ गीता गुप्ता और कहानी कहने के लिए डॉ के.एल. कौशिक शामिल थे। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण पृथ्वी दिवस की शपथ थी, जहां सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की प्रतिबद्धता में एकजुट हुए। कार्यक्रम का संयोजन रसायन विज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ प्रियंका सेहरावत ने किया, जो इस कार्यक्रम की मशाल वाहक भी थीं। उन्होंने छात्रों को स्वीकार किया और उन्हें इस तरह की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समन्वय जीवविज्ञान की सहायक प्रोफेसर सुश्री मुस्कान कौशिक ने किया और यह एक बड़ी सफलता थी, जो कि केमिकल सोसाइटी और इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब के बैनर तले एनएसएस यूनिट-2 के सहयोग से रसायन विज्ञान विभाग के स्टाफ सदस्यों डॉ प्रीति धनखड़, सुश्री मानशी त्यागी, सुश्री गीता राठी, सुश्री सपना, सुश्री पूजा, श्री अमित के सामूहिक प्रयासों से संभव हुई।

# मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम जिला में 115 करोड़ लागत की 18 सड़क परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास



समाचार गेट/संजय शर्मा

**गुरुग्राम।** सबका साथ सबका विकास के समावेशी लक्ष्य के साथ अंत्योदय उत्थान के लिए प्रयत्नशील हरियाणा सरकार गुरुग्राम में निरन्तर विभिन्न विकास परियोजनाओं को आमजन को समर्पित कर रही है। सरकार के इन्हीं सार्थक प्रयासों के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को अपने गुरुग्राम दौरे के दौरान सोहना व पटौदी विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग से संबंधित 115 करोड़ से अधिक की 18 सड़क विकास परियोजनाएं आमजन को समर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री आज उद्योग विहार स्थित हरियाणा की पहली मॉडर्न स्ट्रीट व स्ट्रीट संख्या 7 का उद्घाटन भी करेंगे।

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को गुरुग्राम में सोहना विधानसभा में 32 लाख 63 हजार की लागत से निर्मित बीपीडीएस रोड़ से नुनेरा, 28 लाख 26 हजार की लागत से पूर्ण हुए लोह सिंघानी से चमनपुरा रोड़ तथा 8 करोड़ 23 लाख 19 हजार की लागत से निर्मित जीए रोड़ से अलीपुर हरिया हेड़ा तथा रायसीना गांव में मंदिर रोड़ का उद्घाटन करेंगे। वहीं 13 करोड़ 34 लाख 53 हजार की राशि से बनने वाले जीए रोड़ से धुमसपुर वाया नयागांव तथा 16 करोड़ 56 लाख 79 हजार की राशि से बनने वाले सोहना-अभयपुर-लोहटकी-खेड़ला तथा दमदमा से रिठौज सड़क मार्ग के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करेंगे।

चरणदीप सिंह राणा ने बताया की इसी क्रम में मुख्यमंत्री बुधवार को पटौदी विधानसभा में भी विभिन्न सड़क विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें 55 करोड़ 5 लाख 67 हजार की लागत से पूर्ण पंचगांव से फर्रुखनगर वाया जमालपुर डबल लेन मार्ग तथा 13 करोड़ 18 लाख 83 हजार की लागत से हेलीमंडी फर्रुखनगर वाया मेहचाना मार्ग के पूर्ण हुए जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अपने कर कमलों से बुधवार को पटौदी विधानसभा में 4 करोड़ 7 लाख 48 हजार की लागत से खेड़ा खुरमपुर सड़क मार्ग के पुनर्निर्माण तथा 4 करोड़ 19 लाख 48 हजार की लागत से क्षेत्र की विभिन्न 10 सड़क मार्ग के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी करेंगे।

# तीन दिवसीय तबलीगी जलसे का हुआ समापन



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में तीन दिवसीय तबलीगी जलसे का देश और दुनिया में अमन-चैन और शांति के लिए दुआओं के साथ समापन हुआ है।

तबलिगी जमात के अंतरराष्ट्रीय अमीर मौलाना शाद ने जलसे में पहुंचे लगभग दस लाख लोगों को दुआ पढ़ाई। अंतिम दिन जलसे में भारी भीड़ रही वहीं मेवात में ज्यादातर बाजार बंद रहे।

हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में चल रहे तीन दिवसीय इस्लामिक तबलीगी जलसे (इस्तीमा) के अंतिम दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

तबलीगी जमात के अंतरराष्ट्रीय अमीर मौलाना साद साहब ने जलसे में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया। वहीं अमीर ने पूरे आलम के इंसानों की खैर , अमन-चैन व भाइचारा के लिए दुआएं कराई। इसके साथ ही हजरत मोहम्मद साहब के संदेश को लेकर जलसे से जमातें और विभिन्न राज्यों से आए मुस्लिम समुदाय के लोग भी रवाना हो गए।

सोमवार को सुबह करीब 6:00 बजे मौलाना साद का बयान शुरू हो गया था जो 10:00 बजे तक चला। भीड़ इस कदर थी कि दिल्लीअलवर रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। करीब 4 किलोमीटर एरिया जलसा के लिए कवर किया था। जलपान पार्किंग हर तरह की व्यवस्था की गई थी। इस जलसे की कमेटी पिछले 4 महीने से इसकी तैयारी कर रहे थी। मौलाना हजरत साद ने लोगों को बुराइयों को छोड़ अच्छाई के रास्ते पर चलने की बात कहने के साथ मुसलमानों को दीनी तालीम दी। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्म किसी भी धर्म या समाज को बांटने की बात नहीं करता उन्होंने कहा कि इस्लाम वो धर्म है अगर उसका पड़ोसी भूखा है तो पहले पड़ोसी को खाना खिलाया जाए। इतना ही इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग किसी भी इंसान को तकलीफ़ नहीं दे सकते।

**शनिवार से शुरू हुआ था जलसा**

फिरोजपुर झिरका शहर में अनाज मंडी के पीछे करीब 21 एकड़ भूमि में जलसे के लिए टेंट लगाया गया था ,तो करीब 100 एकड़ भूमि में शौचालय, पार्किंग, वजू खाना, मेडिकल से लेकर तमाम इंतजाम किए गए थे।

जलसे में तबलीगी जमात द्वारा अपने करीब 5 हजार वालंटियर व्यवस्था को बनाने के लिए लगाए गए थे। हालांकि पुलिस कर्मचारी जलसे के अंदर दिखाई नहीं दिए हैं,लेकिन बाहर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए तैनात थे। 19 अप्रैल शनिवार की शाम मौलाना साद साहब द्वारा जलसे की शुरुआत की गई थी, जिसमें पहले दिन 50 से 60 हजार लोगों ने शिरकत की,वहीं दूसरे दिन जलसा सुनने के लिए 5 से 6 लाख मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचे और अंतिम दिन जलसे में लगभग दस लाख से भी ज्यादा लोग सामिल हुए।

**दो दिन मौलाना साद ने मुसलमानों को बुराई के रास्ते को छोड़ अच्छाई के रास्ते पर चलने का दिया संदेश**

दो दिन मौलाना हजरत साद ने लोगों को बुराइयों को छोड़ अच्छाई के रास्ते पर चलने की बात कहने के साथ मुसलमानों को दीनी तालीम दी हैं। मौलाना साद साहब ने कहा कि जो मुस्लिम जमीनों और रास्तों पर अवैध कब्जा करता है, उसकी दुआ कभी कबूल नहीं होती। मौलाना साद ने कहा कि इस्लाम जानना इस्लाम नहीं है बल्कि अमल करना इस्लाम है। तकदीर पर ईमान लाना जरूरी है। ईमान केवल दिल में रखने की चीज नहीं है बल्कि जाहिर करने का जरूरी ईमान है।

हजरत मौलाना साद ने कहा कि हम भारत में रहते हैं और यहां के कानून हमें मानने होंगे। सच्चा मोमिन ऐसा कोई काम नहीं करता जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे और जो कानून के खिलाफ हो। इस्लाम देश से बगावत की इजाजत नहीं देता और इस्लाम को मानने वाले लोग गलत काम नहीं कर सकते। इसलिए मोमिनों को गलत काम छोड़कर सही राह पर चलना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सच्चे मुस्लिम को पांचों वक्त की नमाज पाबंदी के साथ अता करनी चाहिए और अपने बच्चों को मस्जिद जरूर लेकर जाना चाहिए। विशेष रूप से घर की बेटियों और महिलाओं को इस्लाम की शिक्षा देनी चाहिए। वह बोले, 'नमाज अता नहीं करने पर मोमिन को किसी भी सूरत में माफी नहीं है। चलने फिरने में बीमार मोमिन को बैठकर नमाज अता करनी चाहिए। जान बूझकर एक नमाज छोडने पर दो करोड़ 88 लाख वर्ष जहन्नुम में जलना पड़ेगा।' उन्होंने कहा कि व्यक्ति को चाहिए एक दूसरे के सुख दुख में काम आए।

**अंतिम दिन खचाखच भर गया पंडाल**

तीन दिवसीय जलसा सोमवार को दुआ के साथ संपन्न हुआ। इसमें हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली , मुंबई, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों से कई लोग शामिल हुए। सुबह जलसे में हजरत मौलाना साद साहब ने करीब 4 घंटे लगातार बयान किए तथा लगभग दोपहर 10 बजे के बाद उन्होंने दुनिया व देश में अमन-शांति व भाईचारे के लिए दुआएं कराईं। भीड़ इतनी थी कि सुबह से दिल्ली-अलवर रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। 21 एकड़ में लगाया गया टेंट जहां छोटा पड़ गया ,वहीं मैदान भी लोगों से खचाखच भर गया। लोगों को पार्किंग दुकानों सहित अन्य जगहों पर बैठकर दुआएं मांगनी पड़ी। दुआ करने के पूर्व हजरत साहब ने दी अपनी हिदायतों में कहा कि एक मालिक की इबादत करो। जिसकी जमीन पर रहते हो, जिसकी हवा में सांस लेते हो। सामाजिक जीवन में अपने पड़ोसी का हक, अपने माता-पिता की सेवा और सभी का सम्मान करना चाहिए। हम सब इंसान बराबर के भाई-भाई हैं। पाप और गुनाहों से बचो और नेकी के रास्ते पर चलो। जो बातें खुदा ने हराम की हैं उन्हें त्याग दो।

# मेवात क्षेत्र का आपसी भाईचारा पूरी दुनिया में है अनूठी मिसाल : जाकिर हुसैन

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने सोमवार को नूँह जिले के फिरोजपुर झिरका में ऐतिहासिक व अभूतपूर्व तब्लीगी जलसे की शानदार कामयाबी के लिए जलसे की पूरी इंतज़ामिया कमेटी व इसमें सहयोग करने वाली सभी संस्थाओं और सभी धर्म-मज़हबों के लोगों का शुक्रिया जताते हुए मुबारकबाद दी। ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा बेहतरीन इन्तज़ाम व सहयोग किया गया, जिसके लिए उनका व जिला प्रशासन का तहेदिल से शुक्रिया व आभार। तब्लीगी जलसे में सभी धर्म-मज़हब के लोगों ने हर तरह से पूरा सहयोग करके एक बार फिर से साबित कर दिया है कि मेवात क्षेत्र का आपसी भाईचारा पूरे देश में एक अनूठी मिसाल है। हज़रत मौलाना मौश साद साहब ने पूरी दुनिया में अमन-चैन व देश की तरक्की के लिए दुआएँ कराईं। जलसे में लगभग 15 लाख लोग शामिल हुए।

# नायब सिंह सैनी आज, जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में करेंगे सुनवाई

समाचार गेट/संजय शर्मा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज बुधवार को जिला गुरुग्राम के दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी डीसी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बुधवार को सुबह 11 बजे सिविल लाइंस स्थित जिला परिषद के स्वतंत्रता सेनानी सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे और 19 परिवादों की सुनवाई करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रात: 11 बजे आयोजित इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे ताकि शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 3 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की 14वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में गुरुग्राम के विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा के साथ साथ प्राधिकरण के वर्ष 2025-26 वार्षिक बजट को भी मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरान लोक निर्माण विभाग से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास कर आमजन को समर्पित करेंगे।


**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**




